सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष -१    अंक -११    २७/०५/२०२४    पृष्ठ -४    प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### लापरवाही की इंतिहा पुणे कार दुर्घटना के सबक

देश की सांस्कृतिक राजधानी कहलाने वाले शहर पुणे में पिछले दिनों एक लग्जरी कार से हुई सड़क दुर्घटना का जो मामला सामने आया, वह हमारे शहरी जीवन और व्यवस्था से जुड़ी दुर्भाग्यपूर्ण विसंगतियां उजागर करता है। गनीमत है कि मीडिया में हुए शोरगुल के बाद ही सही, केस को पटरी पर लाने के प्रयास शुरू हो गए हैं।

न कोई नंबर प्लेट, न लाइसेंस – मामले से जुड़ी शुरुआती सूचनाएं इस बात की ओर ध्यान खींचती हैं कि कैसे हमारे समाज का एक तबका नियम-कानून को अपनी जेब में लिए चलता है। मामले का मुख्य आरोपी एक नाबालिग है, जो पुणे के एक जाने-माने बिल्डर का बेटा है। अमीर पिता ने यह महंगी गाड़ी अपने नाबालिग बेटे के हवाले कर दी थी। इस साल मार्च में खरीदी गई इस गाड़ी पर लाइसेंस नंबर तक नहीं था क्योंकि रोड यही नहीं, मिली सूचनाओं के मुताबिक दुर्घटना से पहले यह लड़का एक नहीं दो अलग-अलग बार में जाकर शराब पीता है। ध्यान रहे कि महाराष्ट्र में शराब पीने की न्यूनतम उम्र २५ साल है, लेकिन बार में कोई भी यह पता करने की जरूरत नहीं समझता कि शराब मांगते इस लड़के की उम्र शराब पीने की हुई है या नहीं।

तत्काल जमानत – खास बात यह कि शराब पीकर गाड़ी चलाने और दुर्घटना में दो लोगों की मौत से जुड़े इस मामले में आरोपी को जमानत मिलने में भी कोई दिक्कत नहीं हुई। पुलिस ने जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सामने आवेदन दिया था कि उसे इस मामले में आरोपी के साथ वयस्क की तरह व्यवहार करने की इजाजत दी जाए। लेकिन इस आवेदन को अलग रखकर बोर्ड ने आरोपी को जमानत दे दी। उसे हादसे पर एक निबंध लिखने और १५ दिनों तक यातायात पुलिस की मदद करने को कहा गया।

कड़ी प्रतिक्रिया – स्वाभाविक ही इस पूरे घटनाक्रम के सामने आने के बाद इस पर कड़ी प्रतिक्रियाएं आने लगीं। इन्हें संज्ञान में लेते हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने भी माना कि बोर्ड का रुख घटना की गंभीरता के अनुरूप नहीं है। पुलिस ने इस मामले में ऊपरी अदालत का रुख किया है। इस बीच बिल्डर पिता समेत कई और लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

बड़ी चुनौती – बात सिर्फ कुछ गिरफ्तारियों की नहीं है। बड़ा सवाल यह है कि क्या वाकई हमारे सरकारी तंत्र का निचला हिस्सा लुंजपुंज और अप्रभावी होता जा रहा है। आखिर कैसे समाज का एक प्रभावशाली और ताकतवर हिस्सा उससे इस कदर बेपरवाह हो सकता है कि नियम-कानूनों की न्यूनतम चिंता करना भी उसे गैरजरूरी लगने लगे। इस मामले में सभी दोषियों के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित करना जितना जरूरी है उतना ही अहम है यह संदेश देना कि कानून सभी देशवासियों के लिए समान हैं।

## चीन की ताइवान को जंग की धमकी हमारा हिस्सा नही बनने तक अभ्यास जारी

युद्ध अभ्यास में अतिक्रमण की तैयारी ,नए राष्ट्रपतिक की शपथ के चार दिन बाद चीन की धमकी।



ताइवान में नए राष्ट्रपति के शपथ लेने के 4 दिन बाद चीन ने ताइवान को जंग की धमकी दी रक्षा मंत्रालये प्रवक्ता ने कहा है कि जब तक ताइवान चीन का हिस्सा नहीं बन जाता, इलाके में मिलिट्री एक्शन जारी रहेगा। युद्धाभ्यास में चीन की तीनों सेनाएं (थलसेना, वायुसेना, नौसेना) शामिल हुई थी।

## लोकसभा चुनाव 2024, तेजस्वी बोले प्रधानमंत्री की धमनियों में ही आरक्षण विरोध

तेजस्वी यादव ने पटना में कहा कि जैसे–जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है, वैसे–वैसे भाषा में भी गिरावट आ रही है। प्रधानमंत्री को संविधान का बेसिक ज्ञान भी नहीं है। हमने देशभर में जाति जनगणना कराने के लिए प्रधानमंत्री को 5 बार पत्र लिखा लेकिन उन्होंने जाति जनगणना कराने से लिखित में मना कर दिया। फिर भी हमारी 17 महीने की सरकार ने जाति जनगणना कराई और 75: आरक्षण दिया।

## राजकोट गेम जोन मामले पर हाईकोर्ट सख्त कहा क्या आप अंधे है या सो रहे थे ,हम सरकार पर भरोसा नही कर सकते

२८ लोगो की मोत के बाद पता चला बिना परमिश के चल रहा था गेम जोन।



कोर्ट ने कहा– बच्चों समेत 28 लोगों की मौत के बाद आपको अब पता चल रहा है कि शहर में दो गेमिंग जोन बिना परमिशन के चल रहे हैं। क्या आप अंधे हो गए हैं, या फिर सो रहे हैं ? राजकोट में गेमिंग सेंटर अनधिकृत परिसर में बनाया गया था और फायर सेफ्टी की NOC भी नहीं थी और यह सब कुछ पिछले चार साल से चल रहा था अब हमें नगर प्रशासन औरगुजरातसरकार पर बिल्कुल कोर्ट ने पुलिस और नगर निगम से 3 जून तक हलफनामा देने को कहा है। 6 जून से इस केस की सुनवाई शुरू होगी। भरोसा नहीं रहा।

कोर्ट ने कहा– यह त्रासदी आंखें खोलने वाली है, सबसे दुखद बात यह है कि इसमें मासूम बच्चों की भी मौत हुई है।

गुजरात हाईकोर्ट ने 26 मई 2024 को राजकोट ज्त्त गेम जोन हादसे पर एक्शन लेकर सुनवाई शुरू की थी। हाईकोर्ट ने रविवार को भी सुनवाई की।

राजकोट पुलिस कमिश्नर ने कोर्ट को बताया कि TRP गेम जोन को कोई इजाजत नहीं दी गई थी।

## 6 राज्यों में लू का रेड अलर्ट- भोपाल में गर्मी के कारण फ्लाइट नहीं उड़ सकी राजस्थान में 2 दिन में 13 की मौत

कश्मीर घाटी में भी तापमान बढा है यहा २३ मई को अधिकतम तापमान ३२:२ रहा



25 मई से नौतपा शुरू हो गया है। यह 2 जून तक रहेगा। इस दौरान देश के कुछ हिस्सों में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विभाग ने आज दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के लिए लू (हीटवेव) का रेड अलर्ट जारी किया है। ज्योतिष के हिसाब से सूर्य कृतिका से रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तब से नौ दिन तक नौ तपा होता है। उत्तर भारतमें शुक्रवार को औसत अधिकतम तापमान 49 और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस रहा। राजस्थान में गर्मी से 5 मौतें हुईं। राज्य में 2 दिन में यह आंकड़ा 13 हो गया है। भोपाल–हैदराबाद इंडिगो की फ्लाइट शुक्रवार को एक घंटे देरी से रवाना हुई। बताया गया कि बाहर का तापमान ज्यादा होने के चलते इंजन रिस्ट्रिक्टेड मोड में चला गया था। उधर, कश्मीर घाटी में भी तापमान बढ़ा है। यहां 23 मई को अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह 11 साल में सबसे ज्यादा रहा। 25 मई 2013 को 32.2 डिग्री सेल्सियस था।

एडवाइजरी : जम्मू-कश्मीर व उत्तर भारत के राज्यों में लू से बचाव की एडवाइजरी जारी की गई है। राजस्थान में सफाई कर्मचारियों से सुबह ५ से १० बजे तक ही काम करने को कहा गया है। मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली में डॉक्टरों ने मरीजों और बुजुर्गों से दिन में यात्रा नहीं करने की सलाह दी

## छत्तीसगढ में पुलिस नक्सली मुठभेड में कई माओवादियो घायल

गुरूवार को रेकावाया मे फौर्स ने ८ नक्सलीयो को मारा



सुकमा जिले में कोंटा के किद्रेलपाड़ इलाके में डीआरजी जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। दोनों तरफ से रुक–रुककर गोलीबारी हो रही है। जानकारी के मुताबिक एनकाउंटर में कई नक्सली घायल हुए हैं। एसपी किरण चव्हाण ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। दरअसल, नक्सलियों न कल (26 मई) को बंद का आह्वान किया है। इससे पहले ही सुरक्षा बलों ने माओवादियों के खिलाफ ऑपरेशन तेज कर दिया है। छत्तीसगढ़ में गुरुवार (23 मई) को अबूझमाड़ के रेकावाया इलाके में फोर्स ने 8 नक्सलियों को मार गिराया था। सूचना मिली थी कि नक्सलियों की प्लाटून नंबर 16 और इंद्रावती एरिया कमेटी के नक्सली मौजूद हैं। जवानों को नक्सलियों की सटीक लोकेशन मिल गई। तब इलाके की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए तीन जिलों नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा पुलिस को ऑपरेशन के लिए उतारा गया।

## 8 राज्यो की 58 सीटो पर वोटिग हुई प्रियंका ,धोनी ने डाले वोट , पाँच फेज में 429 सीटो पर वोटिंग हुई

एक जुन को अंतिम चरण की वोटिंग होगी।



लोकसभा चुनाव के छठे फेज में 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों पर वोटिंग चल रही है। पांच फेज में 429 सीटों पर मतदान हो चुका है। 1 जून को आखिरी 56 सीटों पर वोटिंग होगी। चुनाव आयोग के मुताबिक, शनिवार को 58 सीटों पर सुबह 9 बजे तक 39.13: वोटिंग हुई है। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 54.80: और सबसे कम दिल्ली में 34.37: मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव के छठे फेज में 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों पर वोटिंग चल रही है। पांच फेज में 429 सीटों पर मतदान हो चुका है। 1 जून को आखिरी 56 सीटों पर वोटिंग होगी। चुनाव आयोग के मुताबिक, शनिवार को 58 सीटों पर सुबह 9 बजे तक 39.13: वोटिंग हुई है। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 54.80: और सबसे कम दिल्ली में 34.37: मतदान हुआ।

वोट डालने के बाद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा- मेरे पिता, पत्नी, बच्चे और मैंने वोट डाला है। मेरी मां आज नहीं आ सकीं क्योंकि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। मैंने तानाशाही, महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ वोट दिया है। मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे बाहर आएं और वोट करें।

## 7 राज्यो में 5 दिन हिटवेब का रेड अर्लट , राजस्थान के फलोदी में पारा 49 पहुँचा l

दिल्ली पंजाब हरियाणा,उत्तर प्रेदेश राजिस्थान,मध्यप्रदेश गुजरात मे ५ दिन तेज गर्मी



उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में तापमान 40 से 49 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने बताया है कि दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात में अगले 5 दिन ऐसे ही हालात रहेंगे। इन राज्यों में लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान के पाली में शुक्रवार को गर्मी से मां–बेटे की मौत हो गई। राज्य में लू और गर्मी की वजह से अब तक 10 लोगों की मौत चुकी है। हालांकि, सरकार ने अब तक 6 लोगों की मौत की पुष्टि की है। राज्य के फलोदी 49, बाड़मेर और जैसलमेर शहर में तापमान 48 डिग्री के पार रहा। ज्यादातर शहरों में गुरुवार की रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा।




डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



# जिला कलेक्टर जैन ने माईक्रो आब्जेवर को दिया मतदान का प्रशिक्षण मत गणना स्थान पर मोबाईल वर्जित।




नीमच 25 मई 2024,कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन की उपस्थिति में 25 मई शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में माईक्रो आब्र्जवर को मतगणना प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर ने कहा, कि मतणगना कार्य एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है। मतगणना में किसी तरह की कोई गलती ना हो, इसलिए यह जरूरी है, कि मतगणना का कार्य सावधानीपूर्वक करें। मतगणना प्रक्रिया पर माईक्रो आब्र्जवर अपनी कडी नजर रखे। प्रशिक्षण में प्रजेन्टेशन के माध्यम से बताया, कि मतगणना के दौरान छोटी–छोटी बातों को भी गम्भीरता से लें, और उनका पालन सुनिश्चित करें। गणना के दौरान पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता बरतने तथा निर्वाचन नियमों का अनुसरण करने के निर्देश भी दिए गए।इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, डिप्टी कलेक्ष्टर सुश्री मयूरी जोक, भी उपस्थित थी।मास्टर ट्रेनर्स डॉ.राजेश पाटीदार एवं श्री मनोज जैन ने ईव्हीएम और वीवीपीएटी मशीन का प्रदर्शन कर , गणना के बारे में विस्तार से समझाईश दी। मतणना की प्रक्रिया समझाई मास्टर ट्रेनर्स डॉ.राजेश पाटीदार ने ईव्हीएम से मतों की गिनती की प्रक्रिया को प्रजेंटेशन के माध्यम से समझाया। गणना टेबल लगेगी– प्रशिक्षण में बताया गया कि विधानसभा क्षेत्र मनासा व जावद के मतों की गिनती के लिए 14–14 टेबले एवं नीमच क्षेत्र के लिए 16 टेबले मतगणना कार्य में लगेगी। प्रत्येक गणनाकक्ष में एक–एक सहायक रिटर्निंग आफीसर भी तैनात किये गये है। इसके अलावा प्रत्येक गणना टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक तथा एक माईक्रो आब्जर्वर भी तैनात रहेगे। गणना में लगे,सभी कर्मचारियों को मतगणना स्थल पर प्रातः6 बजे उपस्थित होना होगा।इन कर्मचारियों का रेण्डमाईजेशन करने के लिए चुनाव प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रातः 6 बजे उपस्थित होकर यह कार्य सम्पन्न करेगे। कलेक्टर द्वारा प्रशिक्षित कर्मचारियों की सूची प्रेक्षक को दी जाएगी। गणना पर्यवेक्षक और सहायकों को एक यूनिक सीरियल या कोड नम्बर भी आंवटित किया जाएगा। रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में होगी । गणना के लिए रिजर्व कर्मचारियों को भी नियुक्त किया जाएगा। प्रत्येक चक्र की गणना होने के उपरांत सारणीकरण कर, प्राप्त मतो का विवरण प्रेक्षक से प्रतिहस्ताक्षरित करने के बाद ही उदघोषिध्त किया जा सकेगा। प्रशिक्षण में निर्देश दिए गए कि गणना कार्य में संलग्न कर्मचारी सही रिपोर्ट करेगे।

## बस में लगी आग कोई जन हानि नही।

इंदौर से जयपुर जा रही वॉल्वो बस में हरकियाखाल के पास रात करीब 2.30 आग लग गई। बस में से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जांच अधिकारी एएसआई मंसूरी ने बताया कि एमआर ट्रैवल्स की वॉल्वो बस में 20 यात्री सवार थे। सभी को सुरक्षित निकाल लिया। वॉल्वो बस के पीछे ईंजन होता है। इसमें शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग लगने की सूचना पीछे से आ रही कार के ड्राइवर ने बस के ड्राइवर को दी। इसके बाद ड्राइवर ने बस को रोककर यात्रियों को सामान सहित नीचे उतारा और पुलिस सहायता केंद्र पर सूचना दी।

## बारिश से पूर्व शहर के नलों की सफाई, नालों के ऊपर किए अतिक्रमण को भी हटाया गया



नगर पालिका के द्वारा बारिश के पूर्व नीमच शहर में बने नालो में लंबे समय से सफाई के अभाव में बड़ी मात्रा में कचरा जमा हो गया है। इससे बारिश के दौरान पानी की निकासी में बाधा उत्पन्न हो सकती हैं और जिसकी वजह से शहर वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।
इसी के मद्देनजर रखते हुए।नीमच नगर पालिका के ओर से शुक्रवार से एक मुहिम चला कर शहर के सभी प्रमुख छोटे–बड़े नालों की सफाई की शुरुआत की गई। अभियान के तहत फ्रूट मंडी चौराहा से महेश सर्कल तक के नाले के ऊपर किये गए अतिक्रमण को हटाकर नालों की सफाई की गई। इस दौरान सफाई कार्य का निरीक्षण करने नगर पालिका सीएमओ रश्मि श्रीवास्तव भी पहुंची।(डीबी एप्प से )

## वन रक्षक भर्ती परीक्षा २०२२-२३ के तहत फिजीकल टेस्ट व दस्तावेज सत्यापन सम्पन्न



नीमच 24 मई 2024, वन रक्षक भर्ती परीक्षा में लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यिर्थियों का फिजीकल टेस्ट एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्य शुक्रवार को पी.जी.कालेज नीमच के सामने वन विभाग के ईको सेंटर नीमच पर वनसंरक्षक डॉ.किरण बिसेनकी अध्यक्षता मेंडीएफओ श्री एस.के.अटोदे, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे, एसडीओ फारेस्ट श्री आर.आर.परमारएवं समिति सदस्यों की उपस्थिति में सपन्न हुआ। फीजीकल टेस्ट में कुल 40 अभ्यर्थियों ने भाग लिया और अपने दस्तावेजों का सत्यापन करवाया। वन रक्षक भर्ती परीक्षा के चयनित अभ्यर्थी जो फीजीकल टेस्ट में सफल हुए है। उनकी 25 कि.मी.की पैदल चाल(रनिंग) आज 25 मई को सुबह 6 बजे से नीमच सिंगोली रोड पर मनासा नाका नीमच से ग्राम सेमली चंद्रावत होकर वापस मनासा नाका नीमच पर समाप्त होगी।

## निर्माण में रूचि नहीं लेने वाले उपयंत्रियों को नोटिस जारी किए




जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण में देरी और रुचि नहीं लेने वाले तीनों जनपद के सभी उपयंत्रियों को जिला पंचायत सीईओ ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही 27 मई तक प्रगति प्रतिवेदन के साथ जवाब देने के निर्देश दिए है। जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सीईओ गुरु प्रसाद ने विभिन्न योजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा की थी। इसमें नीमच, मनासा व जावद जनपद पंचायत के सीईओ, सभी सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं जनपद स्तर के योजना प्रभारी उपस्थित थे। बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य पूर्ण होने में देरी और कार्यों की पूर्णता के प्रतिशत में कमी सामने आई थी। साथ ही सामुदायिक पोषण वाटिका के कार्य शुरू नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की थी। इसे लेकर सीईओ ने सभी उपयंत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 27 मई तक प्रगति प्रतिवेदन के साथ जवाब देने के निर्देश दिए है। (डीबी एप्प के सौजन्य से।)

## सुखानंद में कलेक्टर का दौरा बावड़ी की साफ-सफाई और विकास कार्य जल्द पूरे करने के निर्देश दिए



कलेक्टर दिनेश जैन ने गुरुवार को नीमच जिले की जावद तहसील के सुप्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल सुखानंद महादेव धाम पहुंचे। यहां चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों को देखा। उन्होंने पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करवाने के निर्देश दिए।निर्माण कार्य जल्द पूरे करने के निर्देश दिए – कलेक्टर ने कहा, कि सुखानंद धाम में मंदिर की सीढ़ियों के निर्माण कार्य एवं रेलिंग लगाने के कार्य को जल्दी पूरा करवाए। सुखानंद धाम में श्रद्धालुओं के लिए पेयजल के पर्याप्त व्यवस्था करने, सुखानंद धाम में निर्माणाधीन डोम एवं सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य को भी तेजी से पूरा करवाने के निर्देश दिए हैं।
कलेक्टर ने सुखानंद धाम स्थित बावड़ी की साफ–सफाई करवा कर, उसका उपयोग पेयजल के लिए करवाने के निर्देश भी दिए। सुखानंद धाम की पहाड़ी की गुफा में स्थित मंदिर में पूजा अर्चना कर अभिषेक भी किया। इसके साथ ही कलेक्टर ने सुखानंद धाम के पहाड़ी से गिरने वाले झरने से बने कुंड की साफ–सफाई करवाने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर एसडीएम राजेश शाह, तहसीलदार यशपाल मुजाल्दा, जनपद सीईओ आकाश धार्वे व अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं मंदिर समिति सदस्य मौजूद रहे।(डीबीएप्प के सौजन्य से। )

## किशोर न्याय बोर्ड कार्यालय के लिए किराये पर भवन की आवश्यकता

मन्दसौर। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मंदसौर द्वारा बताया गया कि किशोर न्याय बोर्ड कार्यालय के लिए किराये पर भवन की आवश्ध्यकता है। भवन किराये पर देने वाले इच्छ्छुक व्ध्यक्ति महिला एवं बाल विकास में कार्यरत श्री अंकित शर्मा के मो. नं. 8989411013 पर सम्पर्क कर सकते है। भवन किराया कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर से दिया जाएगा।

## कलेक्टर श्री जैन ने किया मतगणना केंद्र का निरीक्षण



नीमच 24 मई 2024, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैनने शुक्रवार को लोकसभा निर्वाचन–2024 के तहत नीमच में स्थापित मतगणना केंद्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच के परिसर एवं स्ट्रांग रूम परिसर का निरीक्षण कर, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर श्री जैन ने स्ध्ट्रांग रूम की कड़ी निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा, कि बगैर परिचय पत्र के किसी को भी मतगणना केंद्र परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाए।
कलेक्टर श्री जैन ने मतगणना कक्ष, स्ट्रांग रूम कक्ष के बाहर स्ट्रांग रूम की स्ध्क्रीन पर निगरानी के लिए अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं के लिए स्थापित किए गए निगरानी कक्ष का निरीक्षण किया तथा गर्मी को देखते हुए अभ्यर्थियों के लिए स्थापित निगरानी कक्ष में पेयजल, कुलर, पंखे की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

## मतगणना पर्यवेक्षकों व सहायकों का प्रशिक्षण सम्पन्न मतगणना स्थल पर मोबाईल वर्जित रहेगा



नीमच 24 मई 2024, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन की उपस्थिति में शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में गणना पर्यवेक्षकों व गणना सहायकों को मतगणना प्रक्रिया संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर ने कहा, कि मतणगना कार्य एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है। मतगणना में किसी तरह की कोई गलती ना हो, इसलिए यह जरूरी है, कि मतगणना का कार्य सावधानीपूर्वक किया जाये। प्रशिक्षण में प्रजेन्टेशन के माध्यम से बताया गया कि, मतगणना के दौरान छोटी–छोटी बातों को भी गम्भीरता से लें, और उनका पालन सुनिश्चित करें। गणना के दौरान पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता बरते तथा निर्वाचन नियमों का अनुसरण करें।
मास्टर ट्रेनर डॉ.राजेश पाटीदार ने मतगणना कार्य की ड्यूटी में लगे, अधिकारी सहायक स्टाफ को मतगणना निर्वाचनों का संचालन नियमानुसार विभिन्न विधिक उपबंध नियम–50 से 54 के 55 ग 80 से 88 तक लोक प्रतिनिधित्व व गणना सहायक के रूप में आने वाली कठिनाईयों को भी विस्तार से समझाया तथा उनकी शंकाओं का भी समाधान किया। प्रशिक्षण में डाले गए, मतपत्रों ईव्हीएम और वीवीपीएटी मशीन का प्रदर्शन कर, गणना के बारे में विस्तार से समझाईश दी।

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/

## भारत को खतरे में डालकर चीन से रिश्ते नही बनाएगें श्रीलंका , भारत की सुरक्षा हमारे लिए बहुत जरूरी।

**श्रीलंकाई विदेश मंत्री ने कहा भारत को कोई नुकसान नही पहुँचा सकते , भारत को खतरे में डालकर चीन से रिश्ते नही बनाऐगे।**



श्रीलंका के विदेश मंत्री ने कहा है कि चीन इस वक्त भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। हम भी इसी तरह दूसरे देशों के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। श्रीलंका ने कहा है कि भारत की सुरक्षा उनके लिए बेहद जरूरी है। न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा कि उनका देश भारत की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। एक जिम्मेदार पड़ोसी के तौर पर वह किसी को भी भारत को नुकसान पहुंचाने नहीं देंगे। श्रीलंका के पोर्ट पर रुकने वाले चीन के रिसर्च जहाजों से जुड़े सवाल पर साबरी ने कहा– हम सभी देशों के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए हम किसी दूसरे देश की सुरक्षा को ताक पर नहीं रखेंगे। अगर भारत इस मामले में अपनी सुरक्षा को लेकर सवाल उठाएगा, तो हम उस पर जरूर ध्यान देंगे। हम किसी को भी उन्हें चोट नहीं पहुंचाने देंगे।

साबरी ने कहा कि हाल ही में चीन भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर बनकर सामने आया है। इसी तरह श्रीलंका भी भारत के साथ मिलकर काम करना चाहता है, लेकिन हम तीसरे पक्ष को कभी भी खतरे में नहीं डालेंगे।

## ख़ालिस्तानी आंतकी ने पीएम मोदी के ख़िलाफ किसानों को भडकाया बोला पंजाब में बुलडोजर-ट्रेक्टर से काफिला रोकें

**विडीयो मे पन्नु ने कहा किसानो को एक-एक खुँन की बुंद का बदला लेना है ।**



भारत सरकार की तरफ से आतंकी घोषित सिख फॉर जस्टिस के मुखी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पंजाब के किसानों को उकसाया है। खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला रोकने के लिए उकसायाआतंकी पन्नू ने भड़काऊ वीडियो जारी कर कहाहै। उसने किसानों को इसके एवज में 1 लाख डॉलर देने का लालच दिया है। कि पंजाब के किसानों प्रधानमंत्री मोदी को पंजाब में ही जवाब देना होगा। बुलडोजर व ट्रैक्टरों के साथ सारी सड़कें व एयरपोर्ट के रास्तों को रोक दिया जाए। नरेंद्र मोदी को यहां बोलने नहीं दिया जाए। नरेंद्र मोदी को बताना होगा कि ये पंजाब है, जो भारत से आजादी चाहता है।

रास्ता रोकने से पहले डॉलर करेगा ट्रांसफर आतंकी पन्नू ने किसानों को उकसाने का प्रयास किया और उन्हें लालच भी दिया है। पन्नू ने वीडियो में कहा कि किसानों की एक–एक खून की बूंद का हिसाब लेना है। दुश्मन घर में आ रहा है, घर में जवाब दिया जाएगा। 1 लाख डॉलर किसानों को वो मोदी के काफिले के रोकने से पहले ही देगा।

# https://sbpatra.in/

# समाचार के लिए लोंगिन करे।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड इरान के राष्ट्रपति के अंतिम संस्कार में शामिल होने तेहरान जाएगे

**भारत ने इरान के राष्ट्रपति की मौत पर सोमवार को भारत में एक दिन के शौक की घोषणा की है।**



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पोस्ट में बताया कि भारत की ओर से शोक समारोह में भाग लेने के लिए उपराष्ट्रपति ईरान गए हैं। 19 मई को रईसी का हेलिकॉप्टर ईरान–अजरबैजान बॉर्डर के पास क्रैश हो गया था। इसमें विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियान समेत कुल 9 लोग सवार थे। तबरिज शहर में अंतिम यात्रा के बाद राष्ट्रपति के शव को तेहरान लाया गया। ईरानी उपराष्ट्रपति मोहसिन मंसूरी ने बताया कि 23 मई को उन्हें ईरान के मशहद शहर में दफनाया जाएगा। इसी शहर में रईसी का जन्म हुआ था।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईरान के लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। इससे पहले 21 मई को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी दिल्ली में ईरान के दूतावास का दौरा किया था।

भारत ने राष्ट्रपति रईसी की मौत पर सोमवार, २१ मई को एक दिन के शोक की घोषणा की थी। इसके तहत बुधवार को संसद भवन समेत सभी सरकारी इमारतों पर तिरंगा आधा झुका नजर आया।

## आयरलैंड की बडी घोषणा फिलिस्तीन को मान्यता देगा , इजराइल ने वापस बुलाए राजदुत ।

**इजराइल ने कहा ये आंतकवाद को पुरूस्कार देने जेसा काम कर रहा फिलिस्तीन**




इजराइल–हमास जंग के बीच नॉर्वे, आयरलैंड और स्पेन ने औपचारिक रूप से फिलिस्तीन को मान्यता देने की घोषणा की है। ये देश अगले सप्ताह फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता दे सकते हैं। इससे नाराज होकर इजराइल ने इन यूरोपीय देशों से अपने राजदूतों को वापस बुलाने का ऐलान किया है। विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने इस फैसले पर नाराजगी जताते हुए कहा कि नॉर्वे, आयरलैंड जैसे देशों का फिलिस्तीन को मान्यता देना आतंकवाद को पुरस्कार देने जैसा है। उन्होंने कहा कि इजराइल अपनी संप्रभुता को कमजोर करने वालों के खिलाफ चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने कहा कि स्पेन ने अगर फिलिस्तीन को मान्यता दी तो वे उचित कदम उठाएंगे।

काट्ज ने ये भी कहा कि फिलिस्तीन को मान्यता देने का फैसला गाजा से बंधकों की वापसी और युद्धविराम की कोशिशों को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि हम अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। हमारे नागरिकों के लिए सुरक्षा बहाल करना, हमास को खत्म करना और बंधकों को घर वापस लाना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। नॉर्वे के पीएम बोले– मिडिल ईस्ट में शांति के लिए फिलिस्तीन को मान्यता देना जरूरी उधर, नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गार स्टोर ने कहा कि फिलिस्तीन को एक देश के रूप में पहचान देने के अलावा मिडिल ईस्ट में शांति का कोई और रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि वे अगले सप्ताह 28 मई को फिलिस्तीन को मान्यता देंगे। 140 से अधिक देशों ने फिलिस्तीन को दी है मान्यता फिलिस्तीन को दुनिया के 140 से अधिक देशों ने मान्यता दे रखी है, लेकिन कई यूरोपीय देशों और अमेरिका ने ऐसा नहीं किया है। यही वजह है कि फिलिस्तीन संयुक्त राष्ट्र का परमानेंट मेंबर नहीं बन सका है। भारत ने न्छ में फिलिस्तीन की परमानेंट मेंबरशिप का समर्थन किया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक फिलिस्तीन को मान्यता देने से टू स्टेट सॉल्यूशन को लेकर बातचीत शुरू हो सकती है।

## रूस ने युक्रेनी इलाके में न्युक्लियर हथियार टेस्टिंग शुरू की

**पुतिन ने नेवी ओर युक्रेनी सैना को इस टेस्ट में शामिल होने को कहा।**



यूक्रेन जंग के बीच रूसी सेना ने इस्कंदर और किंझल मिसाइलों के साथ टैक्टिकल न्यूक्लियर टेस्ट शुरू कर दिए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार (21 मई) को बताया कि ये टेस्ट यूक्रेन के दक्षिणी सैन्य इलाके में हो रहे हैं। यह इलाका काफी बड़ा है। इसमें ठीक किस जगह टेस्ट किए जा रहे हैं यह रूस ने नहीं बताया है। अलजजीरा के मुताबिक, रूस ने जंग के शुरुआती दिनों में इस इलाके पर कब्जा कर लिया था। इस टेस्टिंग में बेलारूस के भी शामिल होने की उम्मीद है। पिछले साल रूस ने ऐलान किया था कि वे बेलारूस में टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन तैनात करेगा। रूस इस टेस्ट से पश्चिमी देशों की धमकियों का जवाब देने की कोशिश कर रहा है। पिछले महीने ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने अपनी सेना को परमाणु हथियारों की ड्रिल करने का आदेश दिया था।

## 8 दिन से लापता बांग्लादेशी सांसद , कोलकाता में मृत मिले , पुलिस ने प्री प्लान मर्डर बताया।

**बांग्लादेशी सांसद १० दिन पुर्व भारत आए थे । पुलिस के अनुसार इलाज के लिए भारत आऐ थे।**



भारत में 8 दिन से लापता बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार बुधवार (22 मई) को कोलकाता के एक फ्लैट में मृत मिले। बांग्लादेश के गृहमंत्री असदुज्जमां खान ने कोलकाता पुलिस के हवाले से इसकी पुष्टि की है। कोलकाता पुलिस ने बताया कि सांसद अनवारुल का शव न्यू टाउन इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पुलिस ने इस मामले में 3 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस का कहना है कि उनके फोन से परिवार के सदस्यों को संदेश भेजे गए थे कि वह नई दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं।अनवारुल अजीम अनार प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी से सांसद हैं। वे जेनैदाह–4 सीट से 2014, 2018 और 2024 में चुनाव जीते। अनवारुल की मौत से पहले उनके परिवार वालों ने शेख हसीना से मिलकर मदद मांगी थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अनवारुल 12 मई को शाम लगभग सात बजे अपने एक फैमिली फ्रेंड गोपाल बिस्वास से मिलने कोलकातामें उनके घर गए थे। अगले दिन दोपहर 1.41 बजे वह डॉक्टर से मिलने की बात कहकर वहां से रवाना हो गए। उन्होंने कहा था कि वह शाम को लौटेंगे। अनवारुल ने बिधान पार्क में कलकत्ता पब्लिक स्कूल के सामने से टैक्सी ली। शाम को उन्होंने गोपाल को वॉट्सऐप मैसेज कर बताया कि वह दिल्ली जा रहे हैं। इसके बात उनकी लोकेशन नहीं मिली। कोलकाता पुलिस ने अनवारुल के दोस्त के घर की तलाशी ली है। आवासीय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की भी जांच की जा रही है। पुलिस उन लोगों के बारे में भी पता लगाने की कोशिश कर रही है जो उस फ्लैट में अक्सर आते–जाते थे। बांग्लादेशी दूतावास भी लगातार पुलिस के संपर्क में है। बांग्लादेश की सरकार ने पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी है।

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीया अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा